PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Navbharat Times, Delhi
Fri, 26 May 2017, Page 17
Width: 14.97 cms, Height: 20.64 cms, a4, Ref: 29.2017-05-26.80

100 पार्कों को योग के लिए समर्पित करने की योजना

प्रस, नई दिल्ली : तीसरे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के साथ ही सरकार देश के 100 पार्कों को योग के लिए समर्पित करने की योजना बना रही है। इन पार्कों को योग और उससे जुड़ी गतिविधियों के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। इनका रखरखाव योग से जुड़ी संस्थाएं करेंगी। आयुष मंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने गुरुवार को योग दिवस की तैयारियों का ब्योरा देते हुए यह भी बताया कि लखनऊ में होने वाले आयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्याथ, कई केंद्रीय मंत्रियों और प्रमुख लोगों समेत करीब 51,000 लोग शिरकत करेंगे। इसके साथ ही देश और दुनिया के दूसरे इलाकों में भी योग दिवस पूरी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। नाइक ने कहा कि योग के मामले में भारत के ज्ञान का अब पूरी दुनिया लोहा मान रही है।

150 देशों में आयोजन

गौरतलब है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को योग दिवस के रूप में घोषित किया है। योग दिवस पर पहला मुख्य आयोजन वर्ष 2015 में दिल्ली में और पिछले साल चंडीगढ़ में हुआ था। नाइक का कहना है कि इस बार के योग दिवस के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार दुनिया के करीब 150 देशों में योग दिवस पर आयोजन होंगे। पैरिस में आइफेल टावर, लंदन के ट्रैफलगर स्कवॉयर और न्यू यॉर्क के सेंट्रल गार्डेंस समेत कई अन्य मशहूर जगहों पर योग दिवस के आयोजन होंगे।